शिवालिक कालेज आफ इंजीनियरिंग को नैक से ए-प्लस ग्रेड मिला

देहरादून : वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) से संबद्ध शिवालिक कालेज आफ इंजीनियरिंग को नैक (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडेशन काउंसिल) ने ए-प्लस ग्रेड प्रदान किया है। इस उपलब्धि के लिए यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने प्रबंधन को बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में शिवालिक कालेज आफ इंजीनियरिंग एक उत्कृष्ट संस्थान हैं। नैक की ओर से ए-प्लस ग्रेड मिलना इस बात का प्रमाण है कि कालेज बेहतर मानकों और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नैक का काम देशभर के विवि, उच्च शिक्षा संस्थानों को परखकर रेटिंग देना है। यह संस्थान के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के प्रयासों से ही संभव हो पाया है। इस मौके पर संस्थान के निदेशक डा. प्रहलाद सिंह, डा. कुलदीप पंवार, सुरमधुर पंत, कुलसचिव राकेश भंडारी मौजूद रहे। (जासं)